प्रेस विज्ञप्ति

बिहार पुलिस मुख्यालय

दिनांक–13.10.2023 (सं0–339)

गत दिनों कुख्यात अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी।		
क्र.सं.	**जिला/थाना**	**संक्षिप्त**
01.	मधुबनी/ रहिका	➢ बैंक लूट के प्रयास का अपराधी अवैध अग्नेयास्त्र के साथ गिरफ्तार। ➢ दिनांक–10.10.23 को मधुबनी जिला के रहिका थानान्तर्गत केनरा बैंक में करीब 09 अपराधकर्मियों के द्वारा बैंक लूट का प्रयास किया गया तथा बैंक मैनेजर एवं बैंक गार्ड के विरोध करने पर अपराधकर्मियों द्वारा गार्ड के पैर में गोली मारकर घायल करने का प्रयास किया गया। ➢ प्राप्त सूचना पर पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए घटनास्थल से कुछ दूरी पर पीछा कर 02 अपराधकर्मी को गिरफ्तार किया गया। ➢ देशी पिस्टल–04, देशी कट्टा–01, जिन्दा गोली–16, बैग–01, नगद–5,100/–रूपये एवं घटना में प्रयुक्त 01 मोटरसाइकिल बरामद।
02.	नालन्दा/ चिकसौरा	➢ अवैध मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन। ➢ दिनांक–09.10.23 को नालन्दा जिला के चिकसौरा थाना अंतर्गत अवैध मिनीगन फैक्ट्री के संचालन किये जाने की गुप्त सूचना पर छापामारी कर अवैध मिनीगन फैक्ट्री का उद्भेदन करते हुए संचालक शिशुपाल मिस्त्री को गिरफ्तार। ➢ देशी कट्टा–05, अर्द्ध निर्मित कट्टा, देशी कट्टे का बैरल–24, बट मुट्ठी–10, ड्रील मशीन–01, रेती–05 एवं हथियार बनाने के कई उपकरण बरामद।
03.	पटना/ फुलवारीशरीफ (जानीपुर)	➢ अपराध करने से पूर्व अपराधी गिरफ्तार। ➢ दिनांक–09.10.23 का पटना जिला के फुलवारीशरीफ (जानीपुर) थाना अंतर्गत ग्राम भेलूरा रामपुर में एक कुख्यात अपराधीकर्मी द्वारा अपने अन्य सहयोगियों के साथ अवैध आग्नेयास्त्र के साथ अपराध की योजना बनाने की सूचना पर एस0टी0एफ0 एवं पटना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में 02 कुख्यात अपराधकर्मी 1. उज्ज्वल कुमार उर्फ अवनीश 2. शिवम् उर्फ गोलू को गिरफ्तार किया गया। ➢ पिस्टल–01, जिंदा कारतूस–06, मोबाइल–04 बरामद। ➢ गिरफ्तार अपराधकर्मी उज्ज्वल कुमार के विरुद्ध पटना के विभिन्न थानों में हत्या, लूट, आर्म्स एक्ट सहित कुल 11 काण्ड दर्ज हैं।

04.	मोतिहारी / तुरकौलिया	➢ दिनांक–09.10.23 को मोतिहारी जिला के तुरकौलिया थानान्तर्गत बिजुलपुर ग्राम में जिले के टॉप–10 अपराधी पुष्कर सिंह को अपने साथियों के साथ हथियार लेकर किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की सूचना पर छापामारी कर 05 अपराधकर्मी 1. पुष्कर सिंह 2. विपुल सिंह, 3. उज्ज्वल सिंह 4. अमित श्रीवास्तव एवं 5. धामु कुमार उर्फ अरमान को गिरफ्तार किया गया। ➢ पिस्टल–02, जिंदा करतूस–05, मादक पदार्थ(चरस)–1.28 किलोग्राम एवं अन्य सामान बरामद। ➢ गिरफ्तार अपराधकर्मी पुष्कर सिंह के विरुद्ध जिले के विभिन्न थानों में हत्या, रंगदारी, पुलिस पर हमला, कुल–07 काण्ड दर्ज हैं।
05.	गया / कोंच	➢ दिनांक–08.10.23 को गया जिले के कोंच थानान्तर्गत छत्तीसगढ़ पुलिस एवं गया पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में छत्तीसगढ़ के रायगढ़ के डिमरापुर स्थित एक्सिस बैंक शाखा से 5.62 करोड़ रुपये से अधिक की नकदी और कीमती आभूषण लूट काण्ड के अभियुक्त धर्मेन्द्र दास को छापामारी कर गिरफ्तार किया गया एवं छत्तीसगढ़ पुलिस को सुपुर्द किया गया। ➢ गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध कोंच थाना में लूट, आर्म्स एक्ट सहित कुल 04 काण्ड दर्ज हैं।
06.	नवादा / शाहपुर ओ0पी0	➢ डकैती की योजना बना रहे 05 अपराधकर्मी अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार। ➢ दिनांक–09.10.23 को नवादा जिले के शाहपुर ओ0पी0 अंतर्गत अज्ञात अपराधकर्मियों के द्वारा किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए इकट्ठा होने की सूचना पर छापेमारी कर 05 अपराधकर्मी 01. दिपक कुमार 02. दिलखुश कुमार 03. गोपाल कुमार 04. गुलशन कुमार एवं 05. सतीष कुमार को गिरफ्तार। ➢ देशी पिस्तौल–01, जिन्दा कारतूस–02, चाकू–01, स्टील का रॉड–01 एवं अन्य सामान बरामद।

XXXXXXXX